**भारत सरकार**
**परमाणु ऊर्जा विभाग**

अणुशक्ति भवन,
सीएसएम मार्ग,
मुंबई – 400 001.

<u>विज्ञापन संख्या 1/2022</u>

<u>होमी भाभा राष्ट्रीय संस्थान, मुंबई के कुलपति पद हेतु आवेदन आमंत्रित किए जाते हैं</u> ।

होमी भाभा राष्ट्रीय संस्थान (एचबीएनआई) पऊवि का एक सहायता अनुदान प्राप्त संस्थान है तथा विश्वविद्यालय अनुदान आयोग अधिनियम की धारा 3 के तहत एक मानित विश्वविद्यालय है। एचबीएनआई गणित सहित नाभिकीय विज्ञान एवं अभियांत्रिकी में अंतरराष्ट्रीय स्तर पर विख्यात अनुसंधान विश्वविद्यालय है। एचबीएनआई के निम्नलिखित संघटक संस्थान (सी आई) तथा दूरस्थ परिसर केंद्र (ओ सी सी) हैं, जिनके शैक्षणिक कार्यक्रमों का संचालन संस्थान द्वारा किया जाता है।

1. भाभा परमाणु अनुसंधान केंद्र (बीएआरसी), मुंबई
2. इंदिरा गांधी परमाणु अनुसंधान केंद्र (आईजीसीएआर), कल्पाक्कम
3. राजा रामन्ना प्रगत प्रौद्योगिकी केंद्र (आरआरकैट), इंदौर
4. परिवर्ती ऊर्जा साइक्लोट्रॉन केंद्र (वीईसीसी), कोलकाता
5. साहा नाभिकीय भौतिकी संस्थान (एसआईएनपी), कोलकाता
6. प्लाज़्मा अनुसंधान संस्थान (आईपीआर), गांधीनगर
7. भौतिकी संस्थान (आईओपी), भुवनेश्वर
8. हरीश-चंद्र अनुसंधान संस्थान(एचआरआई), प्रयागराज (इलाहाबाद)
9. टाटा स्मारक केंद्र (टीएमसी), मुंबई
10. गणित विज्ञान संस्थान (आईएमएससी), चेन्नई
11. राष्ट्रीय विज्ञान शिक्षा एवं अनुसंधान संस्थान (नाइज़र), भुवनेश्वर (ओसीसी)

**परमाणु ऊर्जा विभाग (पऊवि), के होमी भाभा राष्ट्रीय संस्थान (एचबीएनआई) में कुलपति के पद पर नियुक्ति हेतु एक प्रतिष्ठित वैज्ञानिक/अभियंता की आवश्यकता है।**

<u>**वेतनमान:**</u> इस पद का वेतनमान रु.2,25,000/- (नियत) तथा भारत सरकार के नियमानुसार भत्ते की राशि देय है ।

**पद का कार्यकाल तथा आयु :** कुलपति का कार्यकाल अधिकतम पांच वर्ष का होगा तथा पांच वर्ष की अधिकतम अवधि के लिए पुनः उसी पद पर कार्य करने के पात्र होंगे बशर्ते कि कार्यकाल पूरा होने तक उनकी उम्र किसी भी स्थिति में 70 वर्ष से अधिक न हो। इसके अलावा कुलपति के रूप में प्रारंभिक नियुक्ति के समय, अभ्यर्थी की आयु 65 वर्ष से अधिक नहीं होनी चाहिए। तथापि, यह वर्तमान में कार्यरत कुलपति के कार्यकाल में समय विस्तार के मामलों में लागू नहीं होगा। आयु के संबंध में, संदर्भ तिथि कार्यारंभ की प्रत्याशित तिथि अर्थात 04.10.2022 होगी।

**कार्य का स्वरूप:** कुलपति संस्थान के प्रधान कार्यकारी अधिकारी होंगे तथा एचबीएनआई के संगम ज्ञापन एवं नियमों के अनुसार संस्थान के कार्यों पर सामान्य पर्यवेक्षण एवं नियंत्रण रखेंगे। वे एचबीएनआई की प्रबंध समिति के सदस्य, अकादमिक परिषद तथा वित्त समिति के अध्यक्ष होंगे ।

**शैक्षणिक योग्यता :** अभ्यर्थी के लिए विज्ञान अथवा अभियांत्रिकी में पीएचडी डिग्री तथा पीएचडी से पूर्व की डिग्री में प्रथम श्रेणी या उसके समतुल्य ग्रेड होना अनिवार्य है। साथ ही वे एक उत्कृष्ट शैक्षणिक पृष्ठभूमि सहित एक प्रतिष्ठित अभियंता/ वैज्ञानिक/ प्रोफेसर होने चाहिए।

**वांछित योग्यता :** पऊवि की कार्य प्रणाली की जानकारी होना एक वांछनीय योग्यता है ।

**अनुभव :** अभ्यर्थी का अध्यापन एवं अनुसंधान में न्यूनतम 15 वर्ष का अनुभव होना चाहिए जिसमें से 10 वर्ष लेवल-14 या उससे ऊपर के लेवल में प्रोफेसर के रूप में कार्य का अनुभव अथवा किसी अनुसंधान प्रयोगशाला में विज्ञान एवं अभियांत्रिकी में अनुसंधान में समतुल्य अनुभव होना चाहिए। अभ्यर्थी को एक प्रतिष्ठित व्यक्ति होना चाहिए तथा पूरे कार्यकाल में उनका रिकार्ड उत्कृष्ट होना चाहिए। पऊवि के अनुसंधान केंद्रों अथवा सहायता प्राप्त संस्थानों में कम से कम 25 वर्ष कार्य कर चुके अभ्यर्थियों को प्राथमिकता दी जाएगी ।

**चयन प्रक्रिया:** भारत सरकार द्वारा यह नियुक्ति खोज- सह- चयन समिति की संस्तुति पर की जाएगी। चयन के प्रयोजन के लिए पऊवि द्वारा गठित खोज- सह- चयन समिति इस विज्ञापन की प्रतिक्रियास्वरूप प्राप्त आवेदनों तथा प्रतिष्ठित व्यक्तियों से प्राप्त नामांकनों पर विचार करेगी। खोज- सह- चयन समिति ऐसे किसी व्यक्ति, जिन्हें वह इस पद के लिए उचित मानती हो, के नाम पर विचार करते हुए उनसे आवेदन आमंत्रित कर सकती है ।

**<u>आवेदन प्रक्रिया:</u>** इच्छुक व्यक्ति निर्धारित प्रोफार्मा में अपना विस्तृत सार-वृत्त, संस्थान हेतु एक पृष्ठ (अधिकतम 250 शब्द) के संदृश्य कथन के साथ प्रस्तुत कर सकते हैं। साधारण कागज़ पर टंकित आवेदन एवं संलग्नक पंजीकृत डाक/ स्पीड पोस्ट द्वारा **अवर सचिव, सचिव का कार्यालय, पऊवि, अणुशक्ति भवन, सीएसएम मार्ग, मुंबई – 400 001** को प्रेषित किए जाएं। सरकारी विभागों अथवा उनके अधीन स्वायत्त संस्थानों में नियोजित कर्मचारियों को अपना आवेदन उचित माध्यम से प्रेषित करना होगा। निर्धारित प्रोफार्मा पऊवि की वेबसाइट www.dae.gov.in एवं/अथवा एचबीएनआई की वेबसाइट www.hbni.ac.in से डाउनलोड किया जा सकता है। व्यक्तिगत रूप से/तीव्र डाक/ कुरियर से आवेदन प्राप्त करने की अंतिम तिथि एवं समय <u>20-06-2022</u> सायं 5 बजे है। आवेदन की अग्रिम प्रति भी ई-मेल के माध्यम से <u>chmnoff@dae.gov.in</u> पर प्रेषित की जा सकती है। तथापि उचित माध्यम से प्रेषित आवेदनों सहित हर प्रकार से पूर्ण आवेदनों की, व्यक्तिगत रूप से/स्पीड पोस्ट/ कुरियर द्वारा प्राप्त करने की तिथि एवं समय को वैध माना जाएगा तथा निर्धारित तिथि एवं समय के बाद प्राप्त आवेदनों को अविधिमान्य माना जाएगा।

आवेदन प्रपत्र युक्त लिफ़ाफ़े पर “**कुलपति,एचबीएनआई के पद हेतु आवेदन”** लिखा होना चाहिए। परमाणु ऊर्जा विभाग, मार्ग में किसी आवेदन के गुम होने की स्थिति के लिए जिम्मेदार नहीं होगा।

परमाणु ऊर्जा विभाग के पास साक्षात्कार हेतु बुलाने अथवा छंटाई के बाद पात्र पाए गए अभ्यर्थियों मात्र को, साक्षात्कार के बिना चयन प्रक्रिया हेतु विचार करने अथवा बिना कोई कारण बताए सभी आवेदनों को अस्वीकार करने का अधिकार सुरक्षित है।

कुलपति, होमी भाभा राष्ट्रीय संस्थान (एचबीएनआई)
के पद हेतु आवेदन पत्र

| पासपोर्ट आकार का फोटोग्राफ (35x45mm) |
|---|

| | | |
|---|---|---|
| 1. | आवेदक का नाम | |
| 2. | लिंग | |
| 3. | जन्मतिथि और दिनांक 04.10.2022 को आयु | |
| 4. | पत्राचार हेतु पता | |
| 5. | दूरभाष/ मोबाइल संख्या | |
| 6. | ई-मेल | |

7. शैक्षणिक योग्यताएं
(स्नातक एवं उच्च स्तरीय)

| क्र.सं. | डिग्री | विषय | वर्ष/श्रेणी | संस्थान/विश्वविद्यालय/स्थान/ देश |
|---|---|---|---|---|
| 1. | | | | |
| 2. | | | | |
| 3. | | | | |
| 4. | | | | |

8. पोस्ट डॉक्टोरल फ़ेलोशिप (यदि पूर्ण किया हो) :

9. अनुभव

(आवश्यकता पड़ने पर, कृपया अलग से पत्रक जोड़ें।)

| क्र.सं. | पदनाम | संगठन एवं पता | पद एवं वेतन बैंड तथा ग्रेड वेतन अथवा वेतनमान | अवधि |
|---|---|---|---|---|
| 1. | | | | |
| 2. | | | | |
| 3. | | | | |
| 4. | | | | |

10. पिछले दस वर्षों में महत्वपूर्ण योगदान: (कृपया अलग पत्रक जोड़ें)

11. शैक्षणिक प्रबंधन में अनुभव एवं उपलब्धियों का विवरण :

12. फेलोशिप/ व्यावसायिक, शैक्षणिक सदस्यता, पुरस्कार एवं अन्य सम्मान

13. संदर्भ

| क्र.सं. | नाम | पद | पता | दूरभाष संख्या/ ई-मेल |
|---|---|---|---|---|
| 1. | | | | |
| 2. | | | | |

14. संलग्नक के रूप में संदृश्य कथन : हां / नहीं

15. कोई अन्य सूचना :

(आवेदक के हस्ताक्षर)

स्थान:

तिथि: